**Amar Ujala Page No. 07 28.05.2022**

# कॉलेज ऑफ आर्ट में दाखिले के लिए 30 जून तक करें आवेदन

**नई दिल्ली।** दिल्ली और अंबेडकर विश्वविद्यालय(एयू) के बीच कॉलेज ऑफ आर्ट को लेकर चल रहे विवाद के बीच एयू ने दाखिले के आवेदन के लिए तिथि जारी कर दी है। इच्छुक छात्र 11 पाठ्यक्रमों के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। अंबेडकर विश्वविद्यालय के मुताबिक, कॉलेज ऑफ आर्ट में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। छात्र स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके तहत यूजी के छह और पीजी के पांच पाठ्यक्रमों में आवेदन किया जा सकता है। पाठ्यक्रमों की जानकारी कॉलेज ऑफ आर्ट की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। वहीं, आवेदन के लिए छात्र अंबेडकर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पहुंचकर आवेदन कर सकते हैं। ब्यूरो

**Dainik Jagran East Delhi Page No. 04 28.05.2022**

# सीओए में दाखिले के लिए आवेदन शुरू

जासं, नई दिल्ली: कालेज आफ आर्ट (सीओए) के स्नातक और स्नातकोत्तर कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। इसके लिए छात्र 30 जून तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। छात्र अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) की वेबसाइट पर दिए गए लिंक www. aud.ac.in at https// aud.ac.in/admissions/ collegeofart/www पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। एयूडी की ओर से दाखिले के इच्छुक छात्रों को दाखिला संबंधी अपडेट के लिए निरंतर वेबसाइट देखने की सलाह दी गई है। उल्लेखनीय है कि सीओए में स्नातक के छह और स्नातकोत्तर के पांच कोर्स में कुल 400 सीटें हैं। डीयू और एयूडी के बीच सीओए की संबद्धता को लेकर चल रहे विवाद के कारण पिछले सत्र (2021-2022) में दाखिले नहीं हुए थे।

**Hindustan Hindi Page No. 04  28.05.2022**

# कॉलेज ऑफ आर्ट में 30 जून तक आवेदन करें

अंबेडकर विश्वविद्यालय ने कॉलेज ऑफ आर्ट के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून है। विश्वविद्यालय ने कहा है कि अभ्यर्थी कॉलेज ऑफ आर्ट में स्नातक और परास्नातक के दाखिला के लिए आवेदन कर सकते हैं।

**Navbharat Times Page No.11 28.05.2022**

## AUD : कॉलेज ऑफ आर्ट में 30 से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

कॉलेज ऑफ आर्ट की 400 सीटों के लिए 30 मई से एडमिशन प्रक्रिया शुरू होगी। दिल्ली सरकार की आंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली (एयूडी) ने जानकारी दी है फाइन आर्ट्स के 11 प्रोग्राम के सभी प्रोग्राम के लिए स्टूडेंट्स 30 मई से ऑनलाइन फॉर्म (aud.ac.in) भर सकते हैं। यूनिवर्सिटी ने कहा है कि कॉलेज ऑफ आर्ट में एडमिशन से जुड़ी आगे की हर जानकारी के लिए सभी स्टेकहोल्डर्स एयूडी की वेबसाइट देखते रहें।

बैचलर ऑफ फाइन आर्ट (बीएफए) - अप्लाइड आर्ट की 131 सीटों के लिए एडमिशन होंगे। बीएफए आर्ट हिस्ट्री की 33, बीएफए पेंटिंग की 67, बीएफ इस कल्चर की 26, बीएफए प्रिंटमेकिंग की 34 और बीएसए विजुअल कम्युनिकेशन की 34 सीटों के लिए एडमिशन होंगे। मास्टर ऑफ फाइन आर्ट (एमएफए) अप्लाइड आर्ट, एमएफए पेंटिंग, एमएफए स्कल्पचर, एमएफए प्रिंट मेकिंग और एमएफए विजुअल कम्युनिकेशन, सभी की 15-15 सीटों के लिए एडमिशन होंगे। जहां एक ओर दिल्ली यूनिवर्सिटी का कहना है कि कॉलेज ऑफ आर्ट को यूनिवर्सिटी से डी-एफिलिएट नहीं किया गया है, वहीं कॉलेज के स्टाफ एसोसिएशन ने एडमिशन प्रक्रिया रुकवाने के लिए प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति को पत्र भेजा है। एसोसिएशन का कहना है कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी स्टेट यूनिवर्सिटी में नहीं आना चाहते हैं। डीयू की 30 मई को होने वाले एग्जिक्यूटिव काउंसिल की मीटिंग में इस मामले को ईसी मेंबर्स की ओर से उठाए जाने की उम्मीद है।

**Jansatta - Page No_ 28.5.2022**

# खबरों में शहर

## आंबेडकर विवि : आनलाइन दाखिला प्रक्रिया शुरू

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 मई।

आंबेडकर विश्वविद्यालय के ललित कला महाविद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए आनलाइन दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय ने एक अधिसूचना जारी कर कहा, आनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून है। शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए 11 पाठ्यक्रम ऐसे हैं जिनके लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू हुई है।

## गांधी जो कहते थे वे करते थे : विजय गोयल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 28 मई।

**Hindustan Hindi -Page No_ 7 28.05.2022**

# कॉलेज ऑफ आर्ट में फीस बढ़ी न पाठ्यक्रम बदला

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** अंबेडकर विश्वविद्यालय ने कॉलेज ऑफ आर्ट में स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया शुरू कर दी है। दूसरे दिन छात्रों ने ऑनलाइन आवेदन किया।

एयूडी के रजिस्ट्रार डॉ. नितिन मलिक ने बताया कि कॉलेज ऑफ आर्ट की न तो फीस बढ़ाई गई है और न ही पाठ्यक्रम में परिवर्तन किया गया है। बता दें कि विश्वविद्यालय पर आरोप लग रहा था कि यह कॉलेज ऑफ आर्ट की फीस बढ़ा देगा और पाठ्यक्रम में भी बदलाव करेगा। कॉलेज ऑफ आर्ट की संबद्धता को लेकर दिल्ली विश्वविद्यालय और दिल्ली सरकार के बीच जारी तकरार की पृष्ठभूमि में यह प्रक्रिया शुरू हुई है।

दिल्ली सरकार अंबेडकर विश्वविद्यालय को धन मुहैया करती है। शुक्रवार को विश्वविद्यालय ने एक अधिसूचना जारी कर दाखिला प्रक्रिया शुरू होने की सूचना साझा की थी। कॉलेज ऑफ आर्ट में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार का कहना है कि आवेदन को लेकर छात्रों की प्रतिक्रिया सकारात्मक है।

**Pioneer page no_ 3 28.05.2022**

# Ambedkar varsity's UG/PG e-admission in CoA starts

STAFF REPORTER ■ NEW DELHI

The online admission process for the Ambedkar University's undergraduate and postgraduate courses in the College of Art (CoA) has begun, the varsity announced. The admission process began on Friday. The last date for applying online is June 30, the university said in a notification.

"The online admission process, for the academic session 2022-23, in the Undergraduate and Postgraduate programmes of College of Art, as a part of Dr B R Ambedkar University, has been initiated and the online registration/application form in the following programmes has started," the notification read.

It comes amid an ongoing tussle over the affiliation of CoA between Delhi University and Delhi government, who funds the Ambedkar University. Admissions to the College of Art could not be held during the last academic session due to the affiliation issue.




There are 11 courses for which Amdebkar University has started the admission process. These are Bachelor of Fine Arts (Applied Art) 131 seats, Bachelor of Fine Arts (Art History) 33 seats, Bachelor of Fine Arts (Painting) 67 seats, Bachelor of Fine Arts (Sculpture) 26 seats, Bachelor of Fine Arts (Print Making) 34 seats, Bachelor of Fine Arts (Visual Communication) 34 seats, Master of Fine Arts (Applied Art) 15 seats, Master of Fine Arts (Painting) 15 seats, Master of Fine Arts (Sculpture) 15 seats, Master of Fine Arts (Print Making) 15 seats, and Master of Fine Arts (Visual Communication) 15 seats.

In April, the DU had asked the College of Art to start its admission process and had informed that it would not be de-affiliated from the university.

The Office of the Lieutenant Governor had earlier given in-principle approval to the merger of the College of Art with the Ambedkar University, subject to its de-affiliation from the DU. However, the Executive Council of the Delhi University, its highest decision-making body, refused to de-affiliate the college.

**The Indian Express Page No. 03 27.05.2022 (1)**

# AUD applications increase nine-fold

SUKRITA BARUAH
NEW DELHI, MAY 26

UNDER THE Common University Entrance Test (CUET) umbrella, Ambedkar University has drawn more than nine times the number of applications it received last year, university authorities report.

AUD is one of 12 state government-run universities which have opted to conduct their undergraduate admissions through the CUET this year, along with 44 central universities, 11 deemed and 19 private universities.

University officials have stated that they have received 3,03,413 registrations for which payments have been made on the National Testing Agency portal. This is a massive jump from the registrations that it had received last year when applicants had to apply individually on the university's website - approximately 32,000 paid registrations in 2021-2022.

Vice-Chancellor Anu Lather said opting for the CUET has likely increased the national visibility of the university leading to the huge jump in registrations.

"It is a matter of great pride and satisfaction for us as a university. We have taken the right decision to subscribe to CUET. The participation in CUET has increased the visibility of the university at the national level," she said. The last date to make payments against registrations for CUET was May 22. According to registration data of all universities, as of May 19, AUD had the sixth highest number of paid registrations at the time, only behind large central universities such as DU, Banaras Hindu University, Allahabad University, and Babasaheb Bhimrao Ambedkar University and the private IIMT University in Meerut. It has 17 UG programmes for which it is conducting admissions through CUET and 85% seats are reserved for candidates from Delhi.

**The Indian Express,Page no.5, May 30, 2022_1**

# AUD begins registration for admission to College of Art

*New Delhi:* Amidst uncertainty and controversy, Ambedkar University has begun online registrations for admission to the College of Art under its aegis. The university has made available on its website the online application form for admission to the college in the year 2022-2023 and has announced that these registrations will be open till June 30. These developments are taking place even as Delhi University states that it has not approved the de-affiliation of the college from it. PTI